ट्रैवलिंग कॉन मैन

ट्रैवलिंग कॉन मैन ठगने वाले ऐसे चोर होते हैं जो घरों और छोटे व्यवसायों के दरवाजों पर दस्तक देकर रख-रखाव का काम करने की पेशकश करते हैं।

वे गर्मी के मौसम के दौरान तथा बाढ़, आग और तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं के बाद अधिक दिखाई देते हैं, जब संवेदनशील लोग साफ-सफाई का कार्य या अपनी सम्पत्ति की मरम्मत कर रहे होते हैं।

ट्रैवलिंग कॉन मैन सस्ती दर पर ड्राइव-वे की रिसर्फेसिंग, पेंटिंग, छत की मरम्मत और कालीन की सफाई जैसे काम करने की पेशकश करते हैं। अक्सर वे 'आज ही' के लिए विशेष दरें प्रस्तुत करके लोगों पर दबाव डालते हैं।

आपको उनसे क्यों बचना चाहिए?

ट्रैवलिंग कॉन मैन काम शुरू करने से पहले नकदी माँगते हैं और अक्सर जैसे ही आप उन्हें पैसे देते हैं, वे गायब हो जाते हैं।

यदि वे कोई काम करते भी हैं, तो वह अक्सर आधा-अधूरा या निम्न स्तर का होता है।

वे जल्दी से आगे बढ़ जाते हैं और आम-तौर पर केवल प्रथम नाम और मोबाइल नंबर देते हैं – इसलिए बाद में उनसे संपर्क करना मुश्किल हो जाता है।

आपको किन बातों के लिए सचेत रहना चाहिए?

ऐसे लोगों के प्रति सचेत रहें जो:

- अप्रत्याशित रूप से आपके दरवाजे पर दस्तक देते हैं और निम्नलिखित की पेशकश करते हैं -
  - घर की पेंटिंग करना
  - आपके बगीचे में काम करना या पेड़ काटना
  - ड्राइव-वे को रिसर्फेस करना
  - आपकी छत को ठीक करना
- 'केवल आज के लिए ही' जैसे शब्दों का प्रयोग करके सस्ते सौदों की पेशकश करते हैं
- काम करने से पहले नकदी की माँग करते हैं
- काम के लिए पैसे निकालने के लिए आपको बैंक तक ड्राइव करने का प्रस्ताव देते हैं
- अपने प्रस्ताव को स्वीकार करवाने के लिए आप पर दबाव डालते हैं
- तुरंत काम करने की बात कहते हैं क्योंकि पास में कोई अन्य काम रद्द हो गया है।

स्वयँ की रक्षा करना – ट्रैवलिंग कॉन मैन के साथ बात करने के सुझाव

यदि आपको इस बात का शक है कि कोई ट्रैवलिंग कॉन मैन दस्तक दे रहा है, तो जवाब न दें।

यदि आप उनसे बात करते/करती हैं, तो उन्हें चले जाने के लिए कहें। यदि वे न जाएँ, तो वे कानून तोड़ रहे हैं।

सस्ते सौदे की पेशकश का प्रतिरोध करें। लंबे समय में यह अधिक खर्चीला हो सकता है।
यदि आप अपने घर पर काम करवाना चाहते/चाहती हैं:

- अपने लिए सही कीमत के लिए आस-पास जाँच-पड़ताल करें
- लिखित कीमतें उपलब्ध कराने वाले किसी प्रतिष्ठित ट्रेड्समैन का उपयोग करें
- पिछले ग्राहकों के संपर्क विवरण के लिए पूछें, जिससे कि आप संदर्भों की जाँच कर सकें
- जब तक आप तैयार न हों, तब तक किसी समझौते पर हस्ताक्षर न करें
- ट्रेड्समैन के पूरे नाम और पंजीकरण या लाइसेंस विवरण (यदि लागू हो) के लिए पूछें, जिससे कि आप उनके उद्योग प्राधिकरण के पास इनकी जाँच कर सकें
- कारोबार के नंबर के लिए पूछें, जिससे कि आप कॉल करके इस बात की पुष्टि कर सकें कि ट्रेड्समैन उनके लिए काम करता है

विशेष रूप से आपदाओं के बाद नकदी भुगतान के लिए मरम्मत करने वाले 'केवल आज ही' के सौदे की पेशकश करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति सचेत रहें। आपदा के दौरान सलाह के लिए हमारा अंग्रेज़ी भाषा का पेज Advice in a disaster देखें।

ट्रैवलिंग कॉन मैन के खिलाफ़ कार्रवाई करना

इन छलिए डीलरों के बारे में अपने समुदाय को चेतावनी देने में मदद करने के लिए सामाजिक मीडिया व हिन्दी भाषा के फोरमों में इस पेज के लिए लिंक पोस्ट करें। यदि आपको अपने क्षेत्र में ट्रैवलिंग कॉन मैन के बारे में पता हो, तो:

- उनके नाम और वाहन पँजीकरण जैसी अधिक से अधिक जानकारी को रिकॉर्ड करें
- राष्ट्रीय ट्रैवलिंग कॉन मैन हॉटलाइन (1300 133 408) को सोमवार से शुक्रवार (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) सुबह 8:30 बजे से लेकर शाम के 5:00 बजे के बीच कॉल करें
- अपनी स्थानीय पुलिस के पास उनकी रिपोर्ट करें
- Twitter हैशटैग #stopconmen का प्रयोग करके ट्वीट करें और ट्रैवलिंग कॉन मैन के स्थान के बारे में अद्यतन जानकारी के लिए @consumervic पर हमें फॉलो करें
- facebook.com/StopTravellingConMen पर National Travelling Con Men Facebook पेज पर पोस्ट करें।